तापमान
अधिकतम 44.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

# हरिभूमि कोरबा भूमि

बिलासपुर, शनिवार 25 जुलाई 2026
दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोंड़ीउपरोड़ा

4 शिक्षा विभाग में संकुल समन्वयकों के पचास पदों पर होगी नियुक्ति




## खबर संक्षेप

### विभिन्न पुरस्कारों हेतु 5 अगस्त तक आवेदन आमंत्रित

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ शासन,खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा खिलाड़ियों/प्रशिक्षकों/निर्णायकों को शहीद राजीव पाण्डेय पुरस्कार, शहीद कौशल यादव पुरस्कार, वीर हनुमान सिंह पुरस्कार, शहीद विनोद चौबे सम्मान, शहीद पंकज विक्रम सम्मान, मुख्यमंत्री ट्रॉफी पुरस्कार, राष्ट्रीय प्रतियोगिता में पदक प्राप्त खिलाड़ियों तथा अन्य को नगद राशि पुरस्कार, खेल वृत्ति एवं खेल संघों को प्रेरणा निधि प्रदान करने हेतु निर्धारित प्रपत्र में आवेदन 05 अगस्त तक आमंत्रित किया गया है। आवेदन प्रारुप संचालनालय के विभागीय वेबसाईट डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू डाट स्पोर्टसवाईडब्ल्यू डाट सीजी डाट जीओवी डाट इन पर देखे जा सकते हैं। विस्तृत जानकारी हेतु आवेदक खेल एवं युवा कल्याण विभाग के जिला कार्यालय में कार्यालयीन अवधि में सम्पर्क कर सकते हैं।

### जिले में 481.3 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज

**कोरबा।** जिले में 1 जून से 24 जुलाई तक कुल 481.3 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। अधीक्षक भू-अभिलेख से मिली जानकारी के अनुसार उक्त अवधि में जिले की तहसील कोरबा में 499.3 मिलीमीटर, अजगरबहार 340.8, भैंसमा, 428.2, करतला 438.6, बरपाली 523.5, कटघोरा 485.7, दीपका 518.1, दर्री 598.6, पाली 517.4, हरदीबाजार 408, पोंड़ीउपरोड़ा 506, और पसान तहसील में 511.9 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई।

### कक्षा 6वीं प्रवेश हेतु 31 तक आवेदन आमंत्रित

**कोरबा।** जवाहर नवोदय विद्यालय, सलोरा (कोरबा) ने शैक्षणिक सत्र 2027-28 में कक्षा 6वीं की 80 सीटों पर प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए हैं। वर्तमान शैक्षणिक सत्र 2026-27 में कोरबा जिले के मान्यता प्राप्त शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों में कक्षा 5वीं में अध्ययनरत छात्र-छात्राएं प्रवेश परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन प्रक्रिया तथा पात्रता संबंधी विस्तृत जानकारी जवाहर नवोदय विद्यालय एवं नवोदय विद्यालय समिति की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध है। इच्छुक अभ्यर्थी नवोदय विद्यालय समिति के पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 31 जुलाई निर्धारित की गई है।

### जिले के अऋणी किसान 31 तक करा सकते हैं फसल बीमा

**कोरबा।** खरीफ सीजन 2026 के लिए छत्तीसगढ़ शासन द्वारा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत अधिसूचना जारी कर दी गई है। यह योजना किसानों को प्राकृतिक आपदाओं, अल्पवृष्टि, अतिवृष्टि, सूखा, ओलावृष्टि, कीट एवं रोग प्रकोप सहित अन्य प्राकृतिक जोखिमों से फसलों को होने वाली क्षति के विरुद्ध आर्थिक सुरक्षा प्रदान करती है। योजना का उद्देश्य किसानों की आय को स्थिरता प्रदान करना तथा खेती को अधिक सुरक्षित और लाभकारी बनाना है। योजना के अंतर्गत फसल बीमा कराने की अंतिम तिथि 31 जुलाई निर्धारित की गई है। खरीफ 2026 के लिए फसल ऋण लेने वाले ऋणी किसानों का बीमा संबंधित वित्तीय संस्थाओं द्वारा स्वतः कर दिया जाएगा।

### स्वतंत्रता दिवस समारोह आयोजन के संबंध में बैठक 28 को

**कोरबा।** जिले में 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस समारोह को गरिमा पूर्वक मनाये जाने तथा उक्त आयोजन के सफलतापूर्वक संचालन हेतु कलेक्टर कुणाल दुदावत के अध्यक्षता में जिला स्तरीय बैठक का आयोजन 28 जुलाई को दोपहर 12 बजे कलेक्टोरेट सभाकक्ष में रखा गया है। सर्व विभाग प्रमुखों को उक्त बैठक में उपस्थित होना सुनिश्चित करने कहा गया है।

# पाली वन परिक्षेत्र में उठेगी चंदन की महक, ढाई हेक्टेयर जमीन में होगा रोपण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

कटघोरा वन मंडल के अंतर्गत आने वाले पाली वन परिक्षेत्र में अब किसान पारंपरिक खेती के साथ-साथ आर्थिक रूप से समृद्ध बनाने वाली चंदन की खेती की ओर कदम बढ़ा रहे हैं। इसी कड़ी में पाली रेंज में तीन किसानों द्वारा लगभग ढाई हेक्टेयर भूमि में चंदन की वृक्ष का रोपण किया जाएगा। जिसके लिए वन विभाग ने किसानों को चंदन का पौधा उपलब्ध करा दिया है।

राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी किसान वृक्ष मित्र योजना के तहत कटघोरा वन मंडल के अंतर्गत आने वाले पाली क्षेत्र के ग्राम उतरदा व खम्हरिया के किसानों ने इस वर्ष बड़े पैमाने पर चंदन के पौधों का रोपण करने की तैयारी की है। कटघोरा वन मंडालाधिकारी कुमार निशांत की विशेष पहल पर किसानों की आय बढ़ाने और उन्हें व्यावसायिक वानिकी से जोड़ने के लिए कटघोरा वन मंडालाधिकारी कुमार निशांतने एक विशेष और दूरदर्शी पहल की है। उनके दिशा-निर्देशन और प्रोत्साहन के चलते पाली वन परिक्षेत्र के किसानों को चंदन रोपण के लिए तैयार किया गया है। बताया जाता है कि ग्राम उतरदा और खम्हरिया के तीन किसानों के द्वारा लगभग ढाई हेक्टेयर भूमि पर 2375 चंदन के पौधों का रोपण करेंगे। इसके लिए वन विभाग द्वारा किसानों को न केवल चंदन के गुणवत्तायुक्त पौधे उपलब्ध कराए गए हैं, बल्कि उनके सही रख-रखाव और देखभाल के लिए तकनीकी मार्गदर्शन भी दिया गया है। बताया जाता है कि पौधें के पौधे कुछ वर्षों में वृक्षों के परिपक्व होने पर खुले बाजार में बेच सकेंगे, जिससे उन्हें अपनी फसल का सीधा और बेहतर दाम मिलेगा।

### किसान वृक्ष मित्र योजना से संवरेगा किसानों का भविष्य



**तीन किसानों को उपलब्ध कराया गया है पौधा**

पाली वनपरिक्षेत्र के ग्राम उतरदा व खम्हरिया के तीन ग्रामीणों द्वारा किसान वृक्ष मित्र योजना के तहत चंदन के पौधे रोपने की तैयारी की है। इसके लिए किसानों को 2375 चंदन के पौधे उपलब्ध कराए गए हैं। साथ ही उन्हें पौधों की रख रखाव व तकनीकी जानकारी दे दी गई है। किसानों को आने वाले वर्षों में आय दोगुनी करने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में व्यावसायिक वृक्षारोपण एक कारगर जरिया बनेगा।

- कुमार निशांत
वन मंडलाधिकारी कटघोरा

### पोड़ी उपरोड़ा और पाली ब्लॉक की पीडब्ल्यूडी और पीएमजीएसवाई सड़कों को हुआ है नुकसान

# बारिश से जजर्र हुई सड़क का आंकलन करने दौरा करेगी अधिकारियों की टीम


बारिश के दौरान बही सड़क।

### ग्रामीणों ने की जल्द सड़क मरम्मत की मांग



जटगा से लेकर पसान और कोटमी तक जाने वाली मुख्य सड़क की हालत बेहद खराब हो चुकी है। जगह-जगह बड़े गड्ढे और उखड़ी सड़क के कारण लोगों का आवागमन मुश्किल हो गया है। बारिश के मौसम में यह सड़क और भी खतरनाक बन गई है, जिससे हर समय दुर्घटना होने की आशंका बनी रहती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस मार्ग से प्रतिदिन हजारों ग्रामीण, छात्र, कर्मचारी और व्यापारी आवाजाही करते हैं। लेकिन सड़क की बदहाली के कारण सफर जोखिम भरा हो गया है। दोपहिया वाहन चालक सबसे ज्यादा परेशान हैं, जबकि भारी वाहन गुजरने पर कीचड़ और गड्ढों के कारण लंबा जाम भी लग जाता है। ग्रामीणों ने प्रशासन और जनप्रतिनिधियों से जल्द से जल्द सड़क की मरम्मत कराने की मांग की है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में हुई बारिश की वजह से लोक निर्माण विभाग और पीएमजीएसवाई की सड़कों को नुकसान हुआ है। लगभग 12 सड़कें ऐसी हैं जिन्हें आंशिक रुप से नुकसान हुआ है। ऐसी सड़कों के जायजा लेने के लिए लोक निर्माण विभाग और पीएमजीएसवाई के अधिकारियों की टीम क्षेत्र का दौरा करेगी। पोड़ी उपरोड़ा विकासखंड के सरमा और सुखरीताल पीडब्ल्यूडी सड़क को सबसे ज्यादा नुकसान हुआ है। इसी तरह पीएमजीएसवाई की पाली ब्लॉक के सड़कों को कटाव झेलना पड़ा है।

पिछले एक वर्ष से पीएम जनमन सड़क योजना पीएमजीएसवाई और लोक निर्माण विभाग के द्वारा दुरस्थ ग्रामीण अंचलों को पहुंचमार्ग से जोड़ने के लिए छोटी बड़ी सड़कों का निर्माण किया गया था जो इस वर्ष हुई बारिश से कई स्थानों से क्षतिग्रस्त हो गई है। इससे इन सड़कों पर कुछ दिनों से आवागमन ठप्प पड़ा है। बारिश थमने के बाद ऐसी सड़कों के क्षतिपूर्ति का आंकलन करने के लिए लोक निर्माण विभाग और पीएमजीएसवाई के विभागीय अधिकारियों की टीम के द्वारा निरीक्षण किया जा रहा है। लोक निर्माण विभाग के पोड़ी उपरोड़ा विकासखंड के अंतर्गत ग्राम पंचायत सरमा और सुखरीताल जाने वाली मुख्य सड़क को इस बारिश से सर्वाधिक नुकसान हुआ है। तीन दिन पूर्व पीडब्ल्यूडी के अनुविभागीय अधिकारी और उप अभियंताओं की टीम ने क्षेत्र में विभाग की निर्मित सड़कों का निरीक्षण किया था। इनमें सरमा और सुखरीताल की सड़क को सर्वाधिक क्षति हुई है। इसी तरह पीएमजीएसवाई सड़क के पोड़ी उपरोड़ा ब्लॉक के दुरलापुर कोडगार सड़क, कारीमाटी पहुंचमार्ग के साथ एनएचआई के एप्रोच रोड को नुकसान हुआ है। इसी तरह कोरबा विकासखंड अंतर्गत नकिया और लेमरु मार्ग में भी मिट्टी के कटाव होने से सड़क का कुछ हिस्सा बह गया है। ग्राम घोंघी के निकट सड़क कटाव को देखा गया है।

**खास बात**

- पोड़ी उपरोड़ा विकासखंड के सरमा और सुखरीताल सड़क को हुआ है ज्यादा नुकसान

**मैदानी अमले ने किया है निरीक्षण**

बारिश की वजह से ग्रामीण अंचलों में विभाग की सड़कों को हुए नुकसान का आंकलन करने के लिए एसडीओ और उप अभियंता की टीम ने दौरा कर जायजा लिया है। पोड़ी उपरोड़ा ब्लाक के सरमा और सुखरीताल के सड़क को ज्यादा नुकसान हुआ है। इसी तरह अन्य सड़कों के भी नुकसान का जायजा लिया जा रहा है।

- जीआर जांगड़े, कार्यपालन अभियंता पीडब्ल्यूडी

# जेबीसीसीआई-12 गठन में देरी तो श्रमिक संगठन अपनाएंगे आंदोलन का रास्ता



फाइल फोटो

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जेबीसीसीआई -12 के गठन को लेकर चार सेंट्रल ट्रेड यूनियनों से जुड़े फेडरेशन की वर्चुअल बैठक हुई। बैठक में निर्णय लिया गया कि कोल इंडिया चेयरमैन को पत्र लिखकर जेबीसीसीआई के गठन के लिए कोयला मंत्रालय से बात करने की मांग की जाएगी। बात नहीं करने की स्थिति में ट्रेड यूनियनें आंदोलन करेंगी।

जेबीसीसीआई के गठन के साथ-साथ असाध्य रोग की स्थिति में अनफिट पर आश्रित को नियोजन की प्रमुखता से मांग उठाई गई। इसके अलावा जेबीसीसीआई - 11 के लंबित अन्य मुद्दों पर भी कार्रवाई पर जोर दिया गया। रेवेन्यू शेयरिंग बेसिस पर एमडीओ के तहत कोयला खदानों का संचालन, कॉमर्शियल माइनिंग और लगातार कोल कंपनियों में विनिवेश का विरोध किया गया। यूनियन नेताओं ने कहा कि अभी दो माह पूर्व कोल इंडिया का दो प्रतिशत विनिवेश किया गया। निर्णय लिया गया कि 10 अगस्त को कोल इंडिया व अनुषंगी कंपनियों में महाप्रबंधक कार्यालयों के समक्ष धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। वहीं रांची में 12 सितंबर को सभी ट्रेड यूनियनें मिलकर कन्वेंशन करेंगी, जिसमें आगे की रणनीति तय की जाएगी। जेबीसीसीआई के गठन के लिए कोल इंडिया की ओर से अगस्त तक कोई कार्रवाई नहीं की जाती है तो सितंबर में व्यापक आंदोलन की घोषणा की जाएगी। रांची के कन्वेंशन में बीएमएस को भी शामिल होने के लिए आग्रह किया जाएगा। बताया गया कि सभी यूनियनें मिलकर संघर्ष करें तो बेहतर परिणाम होगा। फिलहाल, बीएमएस अपने स्तर पर अलग होकर आंदोलन कर रहा है। रमेंद्र कुमार की अध्यक्षता में बैठक हुई। संचालन जमा, एके झा, डीडी रामानंदन, अशोक यादव, लखन लाल, शिवकुमार यादव, अजय विश्वकर्मा, सीजे जोसेफ, वीएम मनोहर, जीके श्रीवास्तव, एचएस बेग, शिवकांत पांडेय व अशोक पांडेय आदि मौजूद थे।

**खास बात**

- कोलइंडिया के चेयरमेन को कोल मंत्रालय से चर्चा करने की रखेंगे मांग

# नाबालिग से दुष्कर्म करने के मामले में आरोपी को कारावास

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक नाबालिक किशोरी को बहला फुसलाकर उसके साथ दैहिक शोषण किए जाने के मामले में आरोपी के खिलाफ दोष सिद्ध होने पर आजीवन कारावास से दंडित किया है। जानकारी के मुताबिक आरोपी बंटी ध्रुवे ने 5 जून 2022 को नाबालिक किशोरी पीडिता को घर से बहला फुसलाकर अपने साथ मंडला मध्यप्रदेश, शिवनी मध्यप्रदेश, गोंदिया महाराष्ट्र, उड़ि़सा एवं अन्यत्र ले जाकर उसके साथ जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाया। जिससे पीडिता गर्भवती हो गई और उसके बच्चे को आरोपी बंटी ध्रुवे मेरा बच्चा नहीं है कहकर पीडिता के साथ मारपीट करता था। और अपना नाम बताने पर जान से मारने की धमकी देता था। उक्त घटना के संबंध में प्रार्थीया द्वारा थाना बांगो में लिखित शिकायत दर्ज करायी गई जिसके आधार पर पुलिस ने आरोपी बंटी ध्रुवे के खिलाफ धारा 363, 366, 376 भादवि एवं लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम की धारा 04, 06 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विशेष न्यायालय एफटीएस सी (पाक्सो) श्रीमती श्रद्धा शुक्ला शर्मा के न्यायालय में पेश किया गया था जहां मामले की सुनवाई उक्त न्यायालय में चल रही थी जहां आरोपी के विरूद्ध मामला प्रमाणित पाये जाने पर आरोपी बंटी ध्रुर्वे को आजीवन कारावास एवं 2 हजार रूपए अर्थदण्ड की सजा से दण्डित किया गया है। मामले में शासन की ओर पैरवी विशेष लोक अभियोजक (पाक्सो) शोधन राम देवांगन कटघोरा के द्वारा गई है।

# मास्टर ट्रेनर का इंतजार करते रह गए प्रशिक्षार्थी, बैरंग लौटे

हरिभूमि न्यूज ⏭ करतला

जनपद पंचायत करतला में राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान (आरजीएसए) के अंतर्गत आयोजित ग्राम पंचायत विकास योजना (जीपीडीपी) प्रशिक्षण कार्यक्रम अव्यवस्था की भेंट चढ़ गया। निर्धारित समय पर प्रशिक्षण लेने पहुंचे सरपंच, सचिव, रोजगार सहायक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मितानिन, शिक्षक एवं हैंडपंप मैकेनिक घंटों तक मास्टर ट्रेनर का इंतजार करते रहे, लेकिन दोपहर करीब 1:30 बजे तक भी मास्टर ट्रेनर प्रशिक्षण स्थल नहीं पहुंचे।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार प्रशिक्षण के लिए निर्धारित ग्राम पंचायतों के प्रतिनिधि सुबह से जनपद पंचायत सभाकक्ष में उपस्थित थे। प्रशिक्षण शुरू होने की उम्मीद में सभी इंतजार करते रहे, लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों की ओर से न तो स्पष्ट जानकारी दी गई और न ही प्रशिक्षण शुरू कराया गया। स्थिति यह रही कि दोपहर करीब 3 बजे तक पूरा प्रशिक्षण हॉल लगभग खाली नजर आया, जिससे प्रशिक्षण कार्यक्रम की गंभीरता पर सवाल खड़े हो गए। जनपद पंचायत द्वारा जारी आदेश के अनुसार जीपीडीपी विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया जाना था। आदेश में प्रतिभागियों को आधार कार्ड एवं मोबाइल साथ लाने के निर्देश भी दिए गए थे और समय सुबह 10:30 बजे से शाम 5:30 बजे तक निर्धारित किया गया था। इसके बावजूद प्रशिक्षण समय पर शुरू नहीं हो सका। दूरस्थ ग्राम पंचायतों से पहुंचे प्रतिभागियों ने नाराजगी जताते हुए कहा कि वे अपने नियमित कार्य छोड़कर प्रशिक्षण लेने आए थे, लेकिन घंटों इंतजार के बाद भी कोई व्यवस्था नहीं बन सकी। इससे उनका समय और संसाधन दोनों व्यर्थ हुए। अब सवाल यह उठ रहा है कि जब प्रशिक्षण कार्यक्रम का पूरा शेड्यूल पहले से तय था, तो मास्टर ट्रेनर की अनुपस्थिति की जिम्मेदारी किसकी है? यदि प्रशिक्षक समय पर उपलब्ध नहीं थे तो प्रतिभागियों को पहले से सूचना क्यों नहीं दी गई?

**खास बात**

- करतला जनपद में पंचायत विकास योजना के तहत किया गया था आयोजन

### क्रेन से खींचकर यातायात को किया गया बहाल

# सर्वमंगला पुल पर ट्रेलर का गुल्ला टूटने से लगा लंबा जाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

शहर के प्रमुख मार्ग सर्वमंगला पुल पर एक ट्रेलर वाहन ने दूसरी ट्रेलर वाहन को पीछे से ठोकर मार दिया जिससे ट्रेलर वाहन का एक्सल पिन टूट गया। वाहन के बीच सड़क पर ही बंद पड़ जाने के कारण पुल के दोनों ओर देखते ही देखते वाहनों की लंबी-लंबी कतारें लग गई और आवागमन पूरी तरह से ठप हो गया था। घंटो मशक्कत के बाद किसी तरह यातायात को पुनः बहाल किया गया।

**खास बात**

- शहर की सड़कों में आए दिन लग रहा जाम, आवागमन हो रहा बाधित


ब्रेक डाउन ट्रेलर को टो वाहन के सहारे हटाते हुए।

बताया जाता है कि गुरुवार की रात सर्वमंगला चौकी क्षेत्र अंतर्गत सर्वमंगला पुल पर एक ट्रेलर वाहन ने दूसरे ट्रेलर वाहन को पीछे से ठोकर मार दी जिससे ट्रेलर वाहन का गुल्ला टूट गया और ट्रेलर वाहन ब्रेक डाउन हो गई। घटना की गंभीरता और यात्रियों को हो रही असुविधा को देखते हुए, जैसे ही इसकी सूचना शुक्रवार की सुबह पुलिस के आला अधिकारियों तक पहुंची, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी ने तत्काल कड़े निर्देश जारी किए। एसपी के निर्देश मिलते ही सर्वमंगला चौकी प्रभारी वैभव तिवारी व यातायात एएसआई मनोज राठौर अपनी टीम के साथ तुरंत मौके पर पहुंचे। पुलिस टीम ने क्रेन की मदद से पुल पर फंसे क्षतिग्रस्त ट्रेलर वाहन को खींचकर सड़क के किनारे कराया और यातायात व्यवस्था को बहाल किया गया।

# सिंचाई कर्मी के सूने मकान में चोरों का धावा, नगदी सहित जेवरात पार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

रामपुर स्थित सिंचाई कॉलोनी में एक सिंचाई कर्मी के सूने मकान का ताला तोड़कर घर में रखे नगदी रकम सहित सोना-चांदी के जेवर एवं अन्य कीमती सामानों की चोरी कर ली है। चोरी की घटना सामने आने पर सिविल लाईन की टीम मामले की जांच के लिए मौके पर पहुंची थी जहां पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर जांच शुरु कर दी है।

जानकारी के अनुसार सिविल लाईन थाना क्षेत्र अंतर्गत सिंचाई कॉलोनी निवासी भारतलाल साहू सिंचाई विभाग में कार्यरत हैं और सिंचाई कॉलोनी के मकान नंबर एचपीटी ए2/25 में परिवार सहित निवास करता है। बताया जाता है कि भरतलाल गुरुवार को किसी काम से परिवार सहित बाहर गया हुआ था। इस दौरान अज्ञात चोरों ने उसके घर का ताला तोड़कर घर में रखे सोने-चांदी के आभूषण, लगभग 30 से 35 हजार रुपये नकद तथा अन्य कीमती सामान लेकर फरार हो गए। भरत को चोरी की सूचना मिलने पर उसने इसकी सूचना सिविल लाईन पुलिस को दी थी जिसके बाद पुलिस ने मामले की तहकीकात के लिए मौके पर पहुंची थी जहां पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## खबर संक्षेप

### जन्म प्रमाण पत्र बनाने पर रूपए की मांग, पंचायत सचिव निलंबित

**बलरामपुर।** जन्म प्रमाण पत्र बनाने के नाम पर रूपए मांगने के मामले में प्रशासन ने कार्रवाई की है। कलेक्टर के निर्देश पर जांच टीम ने रूपए मांगने की पुष्टि होने पर पंचायत सचिव को निलंबित कर दिया है। बता दें कि जनपद पंचायत बलरामपुर के ग्राम पंचायत भेलवाडीह के पंचायत सचिव विष्णुपद मण्डल को ऑनलाइन जन्म प्रमाण-पत्र बनाने के नाम पर राशि मांगने के मामले में तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। उनके विरुद्ध विभागीय जांच भी संस्थित की गई है। यह कार्रवाई सोशल मीडिया में एक ऑडियो प्रसारित होने के बाद की गई जिसमें ऑनलाइन जन्म प्रमाण-पत्र बनाए जाने के लिए 200 रूपए की मांग किए जाने का आरोप लगाया गया था। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए जनपद पंचायत स्तर पर दो सदस्यीय जांच दल गठित कर मामले की जांच कराई गई। जांच प्रतिवेदन में शिकायत प्रथम दृष्टया सही पाई गई। जांच में पाया गया कि पंचायत सचिव का कृत्य छत्तीसगढ़ पंचायत सेवा (आचरण) नियम, 1998 के नियम 3(1)(2)(3) का उल्लंघन करते हुए कदाचार की श्रेणी में आता है। इसके बाद संबंधित पंचायत सचिव को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। पंचायत सचिव द्वारा 17 जुलाई 2026 को अपना जवाब प्रस्तुत किया गया, लेकिन सक्षम प्राधिकारी द्वारा उसका परीक्षण करने पर जवाब असंतोषजनक पाया गया। जिसके आधार पर जिला पंचायत सीईओ के द्वारा छत्तीसगढ़ पंचायत सेवा (अनुशासन तथा अपील) नियम, 1999 के नियम-4 के तहत विष्णुपद मण्डल, पंचायत सचिव, ग्राम पंचायत भेलवाडीह (अतिरिक्त प्रभार ग्राम पंचायत बरदर) को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है

### नकाबपोश लोगों ने किया युवक का अपहरण, उतारा मौत के घाट

**प्रतापपुर।** ग्राम गोंदा में परिचित के यहां बैठे युवक को नकाबपोश युवकों ने न सिर्फ घर के अपहरण किया बल्कि केवरा चौक के समीप ले जा कर लाठी-डंडे से प्राण घात हमला कर दिया। मारपीट से गंभीर हुए युवक ने मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाते समय रास्ते में ही दम तोड़ दिया। घटना के बाद पुलिस आरोपियों की तलाश में जुट गई है। जानकारी के अनुसार प्रतापपुर अंतर्गत ग्राम गोंदा डिगडिवापारा निवासी हरिनंदन राजवाड़े आ. स्व. राम प्रसाद राजवाड़े (36 वर्ष) शुक्रवार की रात गांव के ही राजेन्द्र प्रसाद सूर्यवंशी के यहां दोस्त राहुल शर्मा के साथ बैठा था। इसी दौरान ग्राम केवरा के बड़ी संख्या में नकाबपोश राजेंद्र के घर पहुंचे और हरिनंदन को जबरन उठाकर अपने साथ लेकर चले गए। हरिनंदन का घर से अपहरण कर ले जाने पर राजेन्द्र ने घटना की जानकारी हरिनंदन के बड़े भाई बम भोले राजवाड़े को दी और साथ खोजबीन करने जाने की बात कही। घटना की जानकारी लगते ही बम भोले और राजेंद्र खोजबीन करने निकले तभी बम भोले की लड़की रीति ने फोन कर पिता को बताया कि चाचा हरिनंदन को केवरा चौक के समीप कुछ लोग मारपीट कर रहे। जैसे ही भाई व राजेन्द्र मौके पर पहुंचे तो देखा हरिनंदन गंभीर हालत में बेहोश पड़ा हुआ था। इसी बीच किसी ने घटना की सूचना डायल 112 को पहले ही दे दिया था। डायल 112 से घायल को तत्काल प्रतापपुर अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने युवक की हालत नाजुक होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। परिजन घायल को लेकर मेडिकल कॉलेज अस्पताल के आपातकालीन केन्द्र पहुंचे जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत युवक को मृत घोषित कर दिया। मृतक के भाई बम भोले राजवाड़े ने पुलिस को बताया कि 14 मई को भाई हरिनंदन राजवाड़े का ग्राम केवरा निवासी ललित राजवाड़े से विवाद हुआ था वहीं जब हरिनंदन के साथ मौजूद उसके दोस्त अम्बिकापुर भट्टी रोड निवासी राहुल से पूछा तो राहुल ने बताया कि हरिनंदन को साथ ललित राजवाडे, चंदन केवट सहित अन्य लोगों ने मारपीट किया है। बहरहाल मामले में पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द कर दिया।

### युवक ने तालाब में मगरमच्छ का एआई से फोटो बनाकर किया वायरल

सूरजपुर। रामानुजनगर के केशवपुर स्थित तालाब में मगरमच्छ की एआई से बनाई गई फोटो वायरल करना ग्रामीणों को महंगा पड़ गया है। वायरल फोटो के आधार पर वन विभाग ने गांव में जाकर जांच की और भ्रामक जानकारी फैलाकर दहशत पैदा करने के मामले में अपराध दर्ज करने के साथ ही आरोपी को गिरफ्तार किया है। बताया जा रहा है कि जिले के रामानुजनगर अंतर्गत ग्राम केशवपुर के यादवपारा स्थित तालाब में मगरमच्छ दिखाई देने की सूचना पर वन विभाग की टीम गांव पहुंची थी। टीम द्वारा की गई जांच में यह तथ्य सामने आया कि सोशल मीडिया पर प्रसारित फोटो वास्तविक नहीं थी, बल्कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) तकनीक की सहायता से तैयार की गई भ्रामक तस्वीर थी। 23 जुलाई को ग्राम पंचायत केशवपुर एवं ग्रामवासियों द्वारा वन विभाग को सूचना दी गई थी कि गांव के तालाब में मगरमच्छ देखा गया है। चूंकि मगरमच्छ वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 के अंतर्गत संरक्षित अनुसूची-I वन्यजीव है, अतः सूचना को गंभीरता से लेते हुए वन विभाग द्वारा तत्काल अधिकारियों एवं कर्मचारियों को साथ लेकर मौके पर तालाब का निरीक्षण किया गया तथा वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराते हुए रेस्क्यू दल को भी सक्रिय किया गया।

## जगह जगह हुआ प्रदर्शन

# राहुल गांधी की गिरफ्तारी के विरोध में कांग्रेसियों ने किया विरोध प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

नीट पेपर लीक, छात्रों पर लाठीचार्ज, शिक्षा व्यवस्था में अव्यवस्था और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी सहित वरिष्ठ नेताओं की असंवैधानिक गिरफ्तारी के विरोध में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी, कुसमुंडा द्वारा गुरुवार शाम कुचेना मोड में प्रधानमंत्री का पुतला दहन व विरोध प्रदर्शन किया गया।

इस दौरान कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं ने सभा को संबोधित किया एवं सरकार के खिलाफ नारेबाजी की विरोध प्रदर्शन के दौरान युवा कांग्रेस में कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री का पुतला दहन किया। धरना प्रदर्शन कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला कांग्रेस कमेटी के सचिव अनिल अग्रवाल ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बसंत चंद्रा, मंडल अध्यक्ष सूरती कुलदीप, पार्षद गीता गवेल, राजु दीवान, भुनेश्वरी दास, रवीश कुमार, विनोद सारथी, यशवर्धन, हीरालाल साहू, डीपीएल वर्मा, अश्वनी पटेल, गगन सिंघानिया, शत्रुघ्न श्रीवास, चित्रलेखा चंद्रा ,जानकी पटेल, लक्ष्मीनारायण विश्वकर्मा, हरा बाई पांचोबाई, अनीता महंत, ललिता यादव, बिक्की अहिरवार, दीपक वर्मा, हेमंत, रंगा , गुरुशरण दास, रमेश, मोहन, मंगतू दासव अन्य कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



विरोध प्रदर्शन करते कांग्रेसी।

### बालको में हुआ प्रदर्शन

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश एवं जिला कांग्रेस कमेटी के मार्गदर्शन में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बालको द्वारा गुरुवार को एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन आयोजित किया गया। प्रदर्शन में नीट पेपर लीक प्रकरण, छात्रों के आंदोलन के दौरान दिल्ली पुलिस की कार्रवाई तथा कांग्रेस नेता राहुल गांधी की गिरफ्तारी के विरोध में केंद्र सरकार के खिलाफ आवाज उठाई गई। साथ ही केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग की गई। धरना को संबोधित करते हुए कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि नीट परीक्षा में कथित अनियमितताओं से लाखों विद्यार्थियों का भविष्य प्रभावित हुआ है। कांग्रेस नेताओं ने परीक्षा प्रणाली में पारदर्शिता सुनिश्चित करने और छात्रों के हितों की रक्षा की मांग की। इस दौरान एडी जोशी, नेता प्रतिपक्ष कृपाराम साहू, बुद्धेश्वर चौहान, देवी दयाल सोनी, पार्षद बद्री किरण, राकेश पंकज, दुष्यंत शर्मा, एफडी मानिकपुरी, गिरधारी बरेठ, श्रीकांत माझी सहित अन्य उपस्थित रहे।

### हरदीबाजार में भी पुतला दहन



प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार एवं जिला कांग्रेस कमेटी कोरबा (ग्रामीण) के मार्गदर्शन में ब्लाक कांग्रेस कमेटी हरदीबाजार द्वारा कालेज चौक में छात्र समुदाय और विपक्ष नेता राहुल गांधी और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे एवं प्रियंका गांधी के गिरफ्तारी के विरोध में पुरे छत्तीसगढ़ प्रदेश के साथ आज ब्लाक कांग्रेस कमेटी हरदीबाजार द्वारा पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन किया गया। इस दौरान पूर्व विधायक पुरुषोत्तम कंवर ने कहा कि नीट परीक्षा में केन्द्र में बैठे भाजपा सरकार छात्राओं के साथ शोषण कर रहे हैं, छात्राओं के साथ मारपीट कर रहे। वहीं ब्लाक कांग्रेस कमेटी हरदीबाजार अध्यक्ष कौशल श्रीवास ने कहा कि यह लड़ाई पूरे भारतवासी की है। पुतला दहन में कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ पुलिस कर्मियों के द्वारा छिना झपटी हुआ। जिसमें पूर्व विधायक पुरुषोत्तम कंवर, जिला महामंत्री गोपाल यादव, महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रभा तंवर, ब्लाक अध्यक्ष कौशल श्रीवास, एनएसयूआई जिलाध्यक्ष मनमोहन राठौर सहित अन्य कांग्रेसी उपस्थित थे।

# पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना अपनाकर मंत्री बने सौर ऊर्जा के प्रेरक



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत सरकार की महत्वाकांक्षी प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना का मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ में प्रभावी क्रियान्वयन किया जा रहा है। ऊर्जा आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को साकार करने वाली इस योजना के माध्यम से कोरबा जिले के अनेक परिवार स्वच्छ ऊर्जा को अपनाते हुए बिजली उपभोक्ता से ऊर्जा उत्पादक बनने की दिशा में अग्रसर हैं। इससे उन्हें बिजली बिल में उल्लेखनीय बचत होने के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण में भी महत्वपूर्ण योगदान देने का अवसर मिल रहा है।

इसी कड़ी में उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन ने भी अपने कोहड़िया स्थित निवास पर योजना के अंतर्गत 10 किलोवाट क्षमता का सोलर रूफटॉप सिस्टम स्थापित कराया है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ऊर्जा आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को साकार करने तथा पारंपरिक बिजली पर निर्भरता कम करने के उद्देश्य से उन्होंने अपने निवास पर सोलर संयंत्र स्थापित कराया है। मंत्री श्री देवांगन ने बताया कि सोलर पैनल स्थापित हुए लगभग एक माह हो चुका है और इसके सकारात्मक परिणाम अब स्पष्ट रूप से दिखाई देने लगे हैं। इससे न केवल आर्थिक बचत हो रही है बल्कि स्वच्छ एवं हरित ऊर्जा के उपयोग से पर्यावरण संरक्षण में भी महत्वपूर्ण योगदान मिल रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के तहत केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा प्रदान की जाने वाली सब्सिडी के कारण सोलर संयंत्र स्थापित करना आम नागरिकों के लिए अधिक सुविधाजनक और लाभकारी बन गया है। उन्होंने बताया कि घरेलू उपयोग के बाद बची हुई अतिरिक्त बिजली विद्युत वितरण कंपनी के ग्रिड में भेजी जाएगी, जिससे भविष्य में अतिरिक्त आय प्राप्त होने की भी संभावना रहेगी। मंत्री लखनलाल देवांगन ने प्रदेश एवं कोरबा जिले के नागरिकों से इस योजना का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना केवल एक योजना नहीं, बल्कि ऊर्जा आत्मनिर्भरता का जनआंदोलन है। यह लोगों को केवल बिजली उपभोक्ता नहीं, बल्कि ऊर्जा उत्पादक बनने का अवसर प्रदान कर रही है। उन्होंने नागरिकों से सोलर ऊर्जा अपनाकर स्वच्छ, सुरक्षित और आत्मनिर्भर भविष्य के निर्माण में सहभागी बनने का आह्वान किया। उन्होंने इस जनकल्याणकारी पहल के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार की प्रतिबद्धता के कारण प्रदेश में अक्षय ऊर्जा को बढ़ावा मिल रहा है और विकसित छत्तीसगढ़ के संकल्प को नई गति मिल रही है।

# बाबूजी ने राजनीति को सेवा कार्य मानते हुए बनाई विशिष्ट पहचान : महंत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

भौतिक रूप से हमारे बीच आज भले ही बाबूजी नहीं है किन्तु अप्रत्यक्ष रूप से सदैव उनका आशीर्वाद हम पर बना रहता है। उनका पूरा जीवन सादगी और त्याग से परिपूर्ण रहा। उनसे प्रेरणा लेकर हम कठिन लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं। बाबूजी ने राजनीति को सेवा कार्य मानते हुए आमजनों के बीच विशिष्ट पहचान बनाई। उनकी कल्पना के कारण बहुत पहले छत्तीसगढ़ राज्य का जो बीजारोपण हुआ था, वह अब हमारे सामने अलग प्रदेश के तौर पर मौजूद है।

उक्त बातें विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष डॉ चरण दास महंत ने स्व. बिसाहूदास महंत की 48वीं पुण्यतिथि पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान कही। बिसाहू दास महंत स्मृति उद्यान में जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा छत्तीसगढ़ के लोकप्रिय जन नेता स्व. बिसाहूदास महंत को उनकी 48वीं पुण्यतिथि पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने बिसाहूदास महंत को लोकप्रिय जनप्रिय नेता निरूपित करते हुए उनकी कार्यशैली पर रौशनी डाली। उन्होने बताया कि स्व. महंत ने चार बार मध्यप्रदेश में कैबिनेट मंत्री एवं मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष के रूप में अपनी भूमिका निभाई। उनके कार्य निर्वहन की क्षमता अब भी हमारे लिये प्रेरणास्त्रोत है। सांसद श्रीमती ज्योत्सना महंत ने कहा कि बिसाहूदास महंत ने सादा जीवन उच्च विचार की अवधारणा को जीवंत करते हुए एक बेहतर मिसाल कायम की। हजारों लोग उनसे सिर्फ इसी वजह से प्रेरित हुए। कार्यक्रम में विधायक फूलसिंह राठिया, पूर्व विधायक पुरूषोत्तम कंवर, मोहित केरकेट्टा, जिला कांग्रेस अध्यक्ष मनोज चौहान, मुकेश राठौर, नगर पालिका कटघोरा अध्यक्ष राज जायसवाल, पूर्व जिलाध्यक्ष हरीश परसाई सहित अन्य कांग्रेसी उपस्थित थे।





पुण्यतिथि कार्यक्रम में शामिल कांग्रेसी।

# शाहदिल अमेरिकन कालेज ऑफ गैस्ट्रो एन्ट्रोलॉजी प्रेसिडेंट एप्रीप्रिसिएेशन एवार्ड से सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



शाहदिल खुसरू

कोरबा निवासी शाहदिल खुसरू जो वर्तमान में शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय राजनांदगांव में एमबीबीएस अंतिम वर्ष के छात्र हैं। जिसने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल कर अपने गृह जिले कोरबा महाविद्यालय तथा पूरे छत्तीसगढ़ का नाम रोशन किया है। अमेरिकन कालेज ऑफ गैस्ट्रो एन्ट्रोलॉजी एनुअल साइंटिफिक मीटिंग जो 27–28 अक्टूबर 2025 को फीनिक्स, एरिजोना में आयोजित हुई, उसमें शाहदिल खुसरू ने दो शोध पोस्टर में योगदान दिया। दोनों पोस्टर प्रस्तुति के लिए चयनित हुए तथा दोनों को पुरस्कार के लिए नामांकित किया गया। इनमें से एक शोध पोस्टर को प्रतिष्ठित अमेरिकन कालेज ऑफ गैस्ट्रो एन्ट्रोलॉजी प्रेसिडेंट एप्रीप्रिसिऐशन एवार्ड से सम्मानित किया गया, जबकि दूसरा पोस्टर भी सम्मेलन में सफलतापूर्वक प्रस्तुत किया गया। दोनों शोध कार्यों को प्रकाशन के लिए भी भेजा गया है।

# पार्षद अमिला पटेल ने उपमुख्यमंत्री को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

नगर पालिका परिषद बांकीमोंगरा के नरईबोध गेवरा बस्ती की पार्षद एवं पी.आई.सी. सदस्य अमिला पटेल ने क्षेत्र के ग्राम नरईबोध के भू-विस्थापितों की समस्याओं को लेकर उपमुख्यमंत्री अरुण साव को ज्ञापन सौंपा है। आवेदन में एसईसीएल खदान विस्तार से पूर्णतः प्रभावित इस गांव के ग्रामीणों की सुरक्षा विस्थापन में देरी और प्रशासन की दमनकारी कार्रवाई को लेकर मांगें रखी गई है। पार्षद अमिला पटेल ने उपमुख्यमंत्री को अवगत कराया कि खदान विस्तार के कारण नरईबोध गांव का अस्तित्व पूरी तरह खतरे में है वर्तमान में खदान की दूरी गांव से 50 मीटर से भी कम रह गई है जिसके कारण रोजाना होने वाली भारी ब्लास्टिंग से ग्रामीणों के घरों की छतें और दीवारें दरक रही हैं छतों पर भारी पत्थर गिरने से लोग अपने ही घरों में खौफ के साए में जीने को विवश हैं इसके बावजूद एसईसीएल प्रबंधन और प्रशासन द्वारा भू-विस्थापितों के पुनर्वास का कार्य अत्यंत कछुआ गति से किया जा रहा है। सबसे दुर्भाग्यपूर्ण बात यह है कि जब भी पीड़ित भू-विस्थापित अपनी सुरक्षा उचित मुआवजे और सम्मानजनक बसाहट जैसी बुनियादी व जायज मांगों को लेकर शांतिपूर्ण प्रदर्शन करते हैं।

# प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में किया गया पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज ⏭ चैतमा



प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चैतमा में पौधरोपण किया गया। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चैतमा में पर्यावरण संतुलन और हरियाली के लिए वृक्षारोपण अभियान चलाया गया है, जिसके तहत छायादार, फलदार और औषधीय पौधे रोपे गए हैं, इस वृक्षारोपण से अस्पताल आने वाले मरीजों को शुद्ध हवा और बेहतर वातावरण मिलेगा। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चैतमा में पदस्थ डॉ अलखनन्दा तिर्की ने बताया की पौधरोपण से शुद्ध हवा, अस्पताल परिसर में मरीजों के लिए आक्सीजन का स्तर बढ़ेगा, अस्पताल परिसर मे छाया और ठंडक रहेगा, मरीजों और उनके परिजनों को धूप से राहत मिलेगा है। जिसके उद्देश्य पूर्ति के वृहद पौधरोपण किया गया, नीम, पीपल, आम, आंवला और तुलसी जैसे पौधे लगाए गए हैं, और साथ ही पेड़ों की देखभाल का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर डॉ वीएस रस्तोगी, आरएमए लक्ष्मी शरण यादव, सरिता लहरे, नीलमणी लकड़ा, विजेंद्र कुमार, शांति, विनय कुमार, राजनेत सहित अन्य स्टाफ उपस्थित रहे।

### हरदीबाजार में हुआ पौधरोपण

**हरदीबाजार।** एक पेड़ मां के नाम के तहत ग्राम धतूरा में 200 पेड़ नर्सरी में एवं 10 पेड़ स्कूल परिसर में कांग्रेस कमेटी के ब्लॉक उपाध्यक्ष चैतराम केंवट के द्वारा लगाया गया उनका कहना है की पेड़ से मिलती है शुद्ध हवा , प्रदुषित हवाओं को और धूलो को अवशोषित कर हमें सांस लेने के लिए साफ सुथरी शुद्ध ऑक्सीजन देती हैं इस दौरान घासू सिंह मरकाम, सामाज सेवी रवि राठौर,भिखम कौशिक,सागर केंवट, खोलबहरा केंवट एवं अन्य ग्रामीण व शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थी।

### आम सूचना

सर्व साधारण को एतद द्वारा सूचित किया जाता हैं कि दीपक जैन, दिलीप जैन, प्रदीप जैन सभी पिता श्री सिरेमल जैन निवासी अकलतरा रोड बलौदा जिला जांजगीर चांपा छ.ग के द्वारा ग्राम कोरबा, प.ह.न. 16, रा.नि.मं एवं तह कोरबा जिला कोरबा छ.ग. में परिवर्तित भूमि ख. नं. 634/8 रकबा 0.040 हे. भूमि जिस पर भवन निर्मित है उसे दिनांक 22/07/2026 को भूमि स्वामी डॉ. भगवान दास अग्रवाल पिता रामकिशन अग्रवाल, मुकेश अग्रवाल पिता भगवान दास अग्रवाल, श्वेता पंसारी पिता डॉ.भगवान दास अग्रवाल एवं बृजेश अग्रवाल पिता डॉ. भगवान दास अग्रवाल से उप पंजीयक कार्यालय कोरबा में पंजीयन करवाकर क्रय किया गया है।

उक्त भूमि की मूल पंजीयन दस्तावेज जो कि डॉ. भगवान दास अग्रवाल की पत्नी एवं मुकेश अग्रवाल, श्वेता पंसारी, बृजेश अग्रवाल की माता हेमलता अग्रवाल के नाम पर था, जिसका पंजीयन उप पंजीयक कार्यालय कोरबा दिनांक 02/05/1986 को किया गया था जिसका ग्रंथ क्र. 504, पृष्ठ क्र. 89 से 91 दस्तावेज क्र. 213 हैं जिसकी मूल प्रति कही गिरकर गुम हो गई है जो कि काफी खोजने पर भी अप्राप्त हैं और आगे मिलने की भी संभावना नहीं हैं।

इस संबंध में यदि किसी व्यक्ति / संस्था / वित्तिय संस्थान को किसी प्रकार की कोई दावा व आपत्ति हो तो वह अपनी दावा व आपत्ति मेरे समक्ष इस आम सूचना प्रकाशन से 7 दिवस के अंदर कर सकता है समयावधि पश्चात कोई दावा आपत्ति स्वीकार नहीं होगी।

सो सूचना जाने।

दिनांक - 23/7/2026

**दीपक बजाज अधिवक्ता**
**पता मेन रोड कोरबा छ.ग.**
**मो. नं. 9827113505**

TOP IN KORBA
GURUKRIPA COLLEGE
ADMISSION GUIDENS 2026-27
SC/ST/OBC FEE Discount 20%

| SN. | Cours | Duration | Qualification |
|---|---|---|---|
| 1. | BMLT (बेचलर ऑफ मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 3 Year | 12th Bio |
| 2 | DMLT (डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 2 Year | 12th Bio |
| 3. | B.Sc Nursing (बेचलर ऑफ साइंस) | 4 Year | 12th Bio |
| 4. | OT (ऑपरेशन थियेटर असिस्टेंट) | 2 Year | 12th Bio |
| 5. | B. PHARMA, D. PHARMA (डिप्लोमा इन फार्मेसी) | 4 & 2 Year | 12th Bio & Maths |

Kamla Complex, Nehru Chowk, Bilaspur 07752-796378, 9329528463, 9329536742

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
◆ हड्डी एवं जोड़ों का दर्द ◆ नसों का रोग ◆ मानसिक रोग
◆ त्वचा एवं बालों का रोग ◆ स्त्री रोग ◆ मूत्र संबंधी रोग
◆ मधुमेह (डायबिटीज़) ◆ नेत्र रोग ◆ किडनी संबंधी रोग
◆ पेट संबंधी विकार ◆ थायराइड मांसपेशी का रोग
◆ अस्थमा ◆ मोटापा ◆ मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
सेक्टर -7 B कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर- कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
भिलाई सेन्टर-नेहरू नगर (पूर्व),एसबीआई बैंक के पास, भिलाई(छ.ग.) 95224 66605

BHASKAR EYE CARE
भास्कर आई केयर
कालामोतिया नजर चुराता है और दर्द भी नही होता!
प्रदेश के प्रसिद्ध ग्लूकोमा विशेषज्ञ द्वारा सम्पूर्ण कालामोतिया जांच एवं उपचार
लेजर एवं बिना टांकों की ग्लूकोमा MIGS सर्जरी • आंखों की सूखती नस का इलाज
EYE PRESSURE (IOP) • GONIOSCOPY • OCT & FIELD TEST
डॉ. दिलीप लालवानी
नेत्र रोग विशेषज्ञ
फेको सर्जन एवं ग्लूकोमा विशेषज्ञ
MOORFIELDS EYE HOSPITAL, LONDON
ARAVIND EYE HOSPITAL, COIMBATORE
निरंकारी सत्संग भवन के पास, हिंद स्पोर्ट्स फुटबॉल ग्राउंड के पास, ईदगाह भाठा, रायपुर (छ.ग.) 07714024989 | 9329124989

एडवांस्ड यूरोलॉजी सेवाएं अब गावरी नर्सिंग होम में
फाफाडीह, टिम्बर मार्केट रोड, रायपुर
9827144197, 9827144777
मूत्र रोग एवं सर्जरी
किडनी की पथरी का संपूर्ण इलाज
प्रोस्टेट का संपूर्ण इलाज
यौन संबंधी समस्याएं
महिलाओं में पेशाब लीक की समस्याएं
DR. ABHISHEK GAWRI
MBBS, MS (Surgery), DrNB (Urology)
Consultant Urologist Andrologist & Reconstructive Surgery
आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध

कोरबा मार्केट

गुप्त रोग
विशेषज्ञ से स्त्री-पुरूष मिले 100% गांरटी
आयुर्वेद ईलाज
नामर्दी, शीघ्रपतन स्वप्नदोष, धातु, पतला, पेशाब के साथ धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन,सिपलिस, गनौरिया, चर्मरोग इत्यादि सभी प्रकार के गुप्तरोग का ईलाज किया जाता है।
20 वर्षो से स्थाई
बिना ऑपरेशन गारंटी ईलाज अण्डकोष बवासीर, भगंदर
देशी, विदेशी लिंगवर्धक यत्र उपलब्ध है।
मां सर्वमंगला क्लीनिक
डॉ. आर.के. बंगाली, नया बस स्टैंड रोड पर बंगाली चाल ट्रांसपोर्ट नगर कोरबा मो. 9074665998

स्वास्थ्य सेवा में बनाएं अपना सुनहरा भविष्य
सिद्धि विनायक हॉस्पिटल एण्ड पैरामेडिकल कॉलेज
मान्यता प्राप्त एवं परिषद से संबद्ध, MP PARAMEDICAL COUNCIL से संबद्ध
पात्रता (ELIGIBILITY)
शैक्षणिक योग्यता 12 वीं पास (जीव विज्ञान विषय के साथ)
कोर्सेज (पाठ्यक्रम)
D.M.L.T. (2 वर्ष)
डिप्लोमा इन मेडिकल लेब टेक्नोलॉजियन
O.T. TECHNICIAN (1 वर्ष)
ऑपरेशन थियेटर टेक्नशियन
X-RAY TECHNICIAN (2 वर्ष)
एक्स-रे टेक्नशियन
07759-222211, 9993000683, 9109488443, 9425558441
सिद्धि विनायक हॉस्पिटल, प्लॉट नं. 52, कोसाबाड़ी, ब्लू बर्ड स्कूल के पीछे, कोरबा, छत्तीसगढ़

विद्यार्थी बचत योजना
कक्षा XI, XII, CBSE एवं CG की BA, B.Com, Bsc एवं MA, MCom, Msc, PET, NEET की पुरानी पुस्तकें लाइये एवं बदले में नई अथवा पुरानी पुस्तकें ले जाइये।
विद्यार्थी बुक डिपो
रेलवे ओव्हर ब्रिज के नीचे अग्रसेन चौक कोरबा, मो. 8817230745

## खबर संक्षेप

### सोलर से चलेगा पंप और लिफ्ट

**बिलासपुर।** स्वच्छ एवं हरित ऊर्जा को बढ़ावा देने बिजली कंपनी ने चंद्रा पार्क अपार्टमेंट बृहस्पति बाजार में सोलर पैनल की स्थापना की है। 10 किलो वाट की क्षमता के साथ स्थापित किए गए पैनल से लिफ्ट,पंप एवं स्ट्रीट लाइट तक विद्युत सप्लाई हो सकेगी। सोलर प्लांट के माध्यम से सोसाइटी की साझा विद्युत आवश्यकताओं की पूर्ति होगी। कॉमन एरिया के बिजली बिल में भी उल्लेखनीय बचत होगी। कार्बन उत्सर्जन में कमी लाकर पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा मिलेगा। इस दौरान सोसाइटी के अध्यक्ष विठ्ठलकर, रेखा अग्रवाल, गिरीश अग्रवाल तथा ईई पीवीएस राजकुमार सहित अन्य लोग शामिल थे।

### सेवा सेतु से 7 दिनों के भीतर बना प्रमाण पत्र

**बिलासपुर।** सरकारी प्रमाण पत्रों और सेवाओं के लिए उपयोग होने वाले सेवा सेतु पोर्टल का फायदा आम लोगों को मिलने लगा है। महज 7 दिनों के भीतर प्रमाण पत्र उपलब्ध हो रहे हैं, जिससे शासकीय निकायों की विश्वसनीयता और दस्तावेजों की प्रमाणिकता सिद्ध हो रही है। बताया जा रहा है कि जरहभाठा निवासी आर्दश पवॉर पेशे से वकील हैं, उन्होंने 6 जुलाई को पत्नी अल्का पवॉर के आय व निवास प्रमाण पत्र के लिए तहसील कार्यालय स्थित सेवा सेतु कार्यालय में आवेदन किया। आवेदन प्रक्रिया पूरी तरह से ऑनलाइन की गई थी, और महज 6 दिनों के अंदर ही उन्हें 12 जुलाई को आय व निवास प्रमाण पत्र सेवा सेतु पोर्टल के माध्यम से प्राप्त हो चुका है। इस बारे में ईडीएम अफताब अहमद ने बताया कि सेवा सेतु पोर्टल लोगों की जरूरतों को ध्यान में रख कर बनाया गया है, जिसमें पूर्व के पोर्टल के अलावा नवीन 230 से अधिक सेवाओं को जोड़ा गया है। वर्तमान में 30 सरकारी विभाग और 455 सेवाओं के साथ पोर्टल कार्यरत है, जिससे फायदा आम जनों को हो रहा है।

### करंट की चपेट में आकर युवक की मौत

**बिलासपुर।** खेत में काम के दौरान ट्यूबवेल चालू करने गया 22 वर्षीय युवक करंट की चपेट में आ गया। हादसे में युवक की मौत हो गई है। घटना कोनी थाना क्षेत्र के गतौरी गांव की है। कोनी पुलिस के अनुसार गतौरी निवासी विनय सिंह ठाकुर पिता लीलू सिंह ठाकुर उम्र 22 वर्ष रोज की तरह अपने खेत गया था।

**समितियों में करवाया जा रहा एग्रीस्टेक पंजीयन** | **कलेक्टर के आदेश में लिखा पंजीकृत किसान को पंजीयन की जरूरत नहीं**

# समर्थन मूल्य पर धान खरीदी पंजीयन के लिए जारी आदेश में दोहरा मापदंड



**बिलासपुर।** धान बेचने से पहले कराए जाने वाले एग्रीस्टेक पंजीयन को लेकर दोहरा मापदंड अपनाया जा रहा है। कलेक्टर द्वारा 22 जुलाई को जारी आदेश में एग्रीस्टेक पंजीकृत हो चुके किसानों को इस साल पंजीयन कराने की जरूरत नहीं होने की बात लिखी गई है। जबकि सहकारी समितियों में खाते में शामिल प्रत्येक किसान को अनिवार्य रूप से एग्रीस्टेक पंजीयन कराने को कहा जा रहा है। पंजीयन के लिए दो तरह की व्यवस्थाएं किसानों को भ्रमित कर रही हैं।

धान खरीदी का मामला बीते कुछ वर्षों से प्रदेश में लगातार हाईटेक व किसानों को भ्रमित करने वाला रहा है। अभी भी एग्रीस्टेक पंजीयन को लेकर जारी आदेश किसानों को भ्रमित करने वाला ही है। इस साल समितियों में अपना धान बेचने के लिए खाते में शामिल प्रत्येक किसानों का एग्रीस्टेक पंजीयन करवाना जरूरी होने की बात कही जा रही है। समितियों में यह कार्य प्रारंभ भी कर दिया गया है। इसके ठीक विपरीत कलेक्टर द्वारा 22 जुलाई को जारी आदेश के बिंदु क्रमांक 7 में स्पष्ट रूप से उल्लेखित किया गया है कि ऐसे कृषक जिनके द्वारा विगत खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में धान विक्रय हेतु पंजीयन कराया गया था, एवं जिनके पास एग्रीस्टेक फार्मर आईडी एवं किसान कोड उपलब्ध थे, उन्हें पृथक से कोई नवीन पंजीयन कराने की आवश्यकता नहीं होगी। ऐसे में किसानों के सामने यह दुविधा है कि वे कलेक्टर द्वारा जारी इस आदेश को मानें या फिर सहकारी समितियों के कहे अनुसार सारे हिस्सेदारों का एग्रीस्टेक पंजीयन करावें?

### सारे हिस्सेदारों का पंजीयन नहीं, तो नहीं बिकेगा धान?

सहकारी समिति आपरेटर संघ के जिला महासचिव रूद्र दत्त तिवारी ने बताया कि शामिल खाते में दर्ज सारे किसानों को समितियों, चॉइस सेंटरों या अपने मोबाईल फोन के जरिए एग्रीस्टेक पोर्टल में अलग-अलग पंजीयन कराना अनिवार्य है। ऐसा नहीं होने की स्थिति में इस साल संबंधित किसान द्वारा अपना धान समर्थन मूल्य पर नहीं बेचा जा सकेगा।

### कलेक्टर के आदेश में इस बिंदु का उल्लेख क्यों नहीं?

सरकार ने समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के लिए अगर इस साल खाते में शामिल प्रत्येक किसान का एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीकृत होने संबंधी आदेश जारी किया है, तो जिला स्तर पर कलेक्टर द्वारा जारी आदेश में इस बात का उल्लेख क्यों नहीं है। अगर आदेश में इस बात का उल्लेख किया गया होता तो न केवल किसानों के बीच, बल्कि सहकारी समितियों में भी यह विषय एकदम क्लियर होता।

### पंजीयन कराना होगा

खातों में शामिल प्रत्येक किसानों को एग्रीस्टेक पोर्टल में अपना पंजीयन करवाना होगा, लेकिन ऐसा नहीं होने की स्थिति में संबंधित किसान समर्थन मूल्य पर अपना धान समितियों में बेच सकेंगे या नहीं? यह शासन स्तर का मामला है, लेकिन फिलहाल पर्ची में शामिल प्रत्येक किसान का एग्रीस्टेक पंजीयन वाली व्यवस्था लागू है।

**-अमृत कुजूर**, खाद्य नियंत्रक

### पंजीयन अनिवार्य है

शामिल खातों में दर्ज प्रत्येक किसान का एग्रीस्टेक पंजीयन अनिवार्य रूप से किया जाना है। इस संबंध में एक आदेश पृथ्क से जारी किया जा चुका है। जिस पर काम किया जा रहा है।

**-संजय अग्रवाल**, कलेक्टर बिलासपुर

महापौर ने भवन शाखा के अधिकारी को फटकारा, सस्पेंड होना है क्या

# एमआईसी मेंबर ने कहा- निगम के सभी इंजीनियर नालायक और मक्कार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

- निगम में हुई एमआसी की बैठक एक बार फिर हंगामेदार रही

निगम की शुक्रवार को हुई एमआसी की बैठक एक बार फिर हंगामेदार रही। एमआईसी सदस्य बंधु मौर्य ने निगम के सभी इंजीनियरों को नालायक और मक्कार कह दिया और बोले के शहरवासी परेशान हैं, लेकिन एक भी अधिकारी शहर में बन रही नाली और सड़क के निरीक्षण के लिए साइट पर नहीं जाते। ठेकेदारों से मिलीभगत करते हुए गुणवत्ताहीन काम कराया जा रहा है। इसके अलावा महापौर श्रीमती पूजा विधानी ने भवन शाखा के इंजीनियर जुगल सिंह को फटकार लगाते हुए कहा कि आखिर चंद्रिका होटल के पीछे बिना अनुमति ब्लिंकिट का आफिस कैसे खुल गया, सस्पेंड होना है क्या। निगम की मेयर इन कौंसिल की बैठक शुक्रवार को दृष्टि सभा कक्ष में हुई। बैठक में कुल 24 प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। इसमें तय किया गया कि सेंट्रल किचन चलाने वाली संस्था का अनुबंध एक साल के लिए और बढ़ाया जाएगा। इसमें बताया गया कि नगर निगम क्षेत्र में कुल 128 स्कूल हैं। इसमें 18 हजार बच्चों को सेंट्रल किचन के माध्यम से मध्यान्ह भोजन की व्यवस्था की जाती है। इस पहल स्वयं सेवी संस्था का अनुबंध शैक्षणिक सत्र 16 जून 2026 से 30 अप्रैल 2027 तक एक साल के लिए बढाया गया है। वर्ष का कार्य अनुबंध बढ़ाया जा सकता है। तदनुसार प्रकरण एम.आई. सी. के समक्ष विचारार्थ प्रस्तुत।




बैठक में उपस्थित महापौर व अन्य।

### 40 करोड़ की सड़क और नाली के कार्यों को मंजूरी

इसके अलावा करीब 40 करोड़ रुपए के सड़क और नाली के कार्यों को भी मंजूरी दी गई। साथ ही वार्ड क्रमांक 15 से 22 में ठेके माध्यम से सफाई कराई जाएगी। साथ ही जोन क्रमांक 07 एवं सेन्ट्रल जोन (जोन क्र 03,04,05) में नाली से गुजरी पाइप लाइन के चिन्हांकित स्थलों पर नवीन पाइप लाइन विस्तार एवं नवीन विस्तारित पाइप लाइन में इन्टरकनेक्शन का कार्य हेतु 2 करोड़ का प्रस्ताव बनाया गया है। इसका प्रस्ताव बनाकर अधोसंरचना मद से मांग हेतु राज्य शासन की ओर भेजा गया है।

### ठेका कंपनी को एक करोड़ देने पर हंगामा

बैठक में भिलाई की कंपनी को मेसर्स बीएसबीके प्रा.लि. को एक करोड़ 24 लाख रुपए ब्याज की राशि देने पर जमकर हंगामा मचा। एमआईसी मेंबरों ने कहा कि यह निगम के अधिकारियों की लापरवाही और ठेका कंपनी से मिलीभगत है। इसी कारण अशोक नगर में पीएम आवास बनाने में देरी हुई और ठेकेदार को राशि वापस करने की नौबत आई। चीफ इंजीनियर एसपी साहू ने इस पर कहा कि ठेका कंपनी के फेवर में सुप्रीमकोर्ट का आदेश है इसलिए भुगतान करना ही होगा।

# जागा प्रशासन : मलेरिया प्रभावित गांवों का कलेक्टर ने किया दौरा, जांच जारी

**औरापानी, नवाडीह, मझगांव उप स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण**

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जिले में मलेरिया के मरीज मिलने का दौर जारी है, शुक्रवार को कलेक्टर संजय अग्रवाल ने प्रभावित गांव का दौरा किया। इस दौरान उनके साथ सीएमएचओ डॉ शुभा गरेवाल और अन्य स्वास्थ्य अधिकारी भी शामिल थे। इस दौरान एक अन्य मरीज के मिलने की पुष्टि हो चुकी है। खास बात यह है कि दो दिन से लगातार मिल रहे मरीजों ने स्वास्थ्य विभाग की तैयारियों की पोल खोल दी है।

हर साल की तरह इस साल भी कोटा क्षेत्र में मलेरिया ने दस्तक दे दी है। अबतक 4 लोगों की मलेरिया पाजिटीव रिपोर्ट सामने आई है। शुक्रवार को स्वास्थ्य विभाग ने 273 लोगों की स्वास्थ्य जांच की है। जिसमें 273 लोगों शामिल थे। बताया जा रहा है कि जहां गुरूवार को एक ही घर के 3 बच्चे मलेरिया से पीड़ित थे, वहीं शुक्रवार को नवाडीह के 24 वर्षीय अजय यादव की रिपोर्ट भी मलेरिया पाजिटीव पाई गई है।




एनआरसी में बैठे कलेक्टर, सीएमएचओ व अन्य स्वास्थ्य अधिकारी।

### सिम्स में जारी है इलाज

जानकारी के अनुसार ग्राम औरापानी में प्लाज्मोडियम फाल्सीपेरम (पीएफ) मलेरिया के तीन तथा नवाडीह में एक संक्रमित मिल चुका है। प्राथमिक उपचार कर सभी को सिम्स रेफर किया गया है। कलेक्टर ने उप स्वास्थ्य केंद्र मझगांव पहुंचकर भर्ती बच्चों के स्वास्थ्य की जानकारी ली और चिकित्सकों को प्रभावित क्षेत्रों में सघन सर्वे, समय पर जांच तथा उपचार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने ग्राम मझगांव एवं औरापानी के स्कूल और आंगनबाड़ी केंद्रों का दौरा किया। उन्होंने बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं को पौष्टिक एवं संतुलित आहार, विशेषकर स्थानीय पोषणयुक्त भोजन दिलाने पर जोर दिया। बच्चे को पोषण पुनर्वास केंद्र (एनआरसी) रतनपुर ले जाने के निर्देश दिए। खास बात यह है कि मलेरिया के मरीज मिलने के बाद लगातार स्वास्थ्य कैंप लगाए जा रहे है।








कोरबा जिले के प्रतिष्ठित सोलर पैनल प्रतिष्ठान

सोलर पैनल लगाने के मुख्य लाभ बिजली बिल में भारी कमी, सरकारी सब्सिडी और पर्यावरण की सुरक्षा हैं। इससे मुफ्त सौर ऊर्जा मिलती है और आप लंबे समय तक बिजली संकट से सुरक्षित रहते हैं।

आर्थिक लाभ और बचत - 1. बिजली बिल में कमी: रूफटॉप सोलर सिस्टम लगाने से आपके मासिक बिजली बिल में 70% से 90% तक की भारी कमी आ सकती है।

2. सरकारी सब्सिडी: PM Surya Ghar Yojana जैसी योजनाओं के तहत सोलर पैनल लगवाने पर सरकार द्वारा भारी अनुदान (सब्सिडी) दी जाती है, जिससे शुरुआती लागत कम हो जाती है।
3. अतिरिक्त कमाई (नेट मीटरिंग): आपके द्वारा बनाई गई अतिरिक्त बिजली को ग्रिड में वापस भेजकर आप बिजली कंपनी से क्रेडिट या पैसे भी पा सकते हैं।

पर्यावरण और दीर्घकालिक फायदे - 1. स्वच्छ और नवीकरणीय ऊर्जा: सूर्य की रोशनी कभी खत्म नहीं होती है, इसलिए यह एक अक्षय और प्रदूषण-मुक्त ऊर्जा स्रोत है। 2. कम रखरखाव: सोलर पैनल को बहुत कम देखभाल की जरूरत होती है और ये बिना किसी चलते हुए हिस्से के 25 साल या उससे अधिक समय तक काम करते हैं।

सोलर पैनल लगवाने से पहले आपको बिजली की खपत, छत की जगह और सरकारी सब्सिडी की जानकारी होनी चाहिए।

बिजली की खपत और सिस्टम का आकार -
1. कुल लोड कैलकुलेट करें: घर के सभी उपकरणों (पंखा, एसी, फ्रिज) की कुल वॉट क्षमता जोड़कर यह तय करें कि कितने किलोवाट का सोलर सिस्टम चाहिए। 2. सिस्टम के प्रकार: ऑन-ग्रिड, ऑफ-ग्रिड और हाइब्रिड सिस्टम में से अपनी जरूरत के अनुसार सही विकल्प चुनें।

जगह और दिशा - 1. छत का क्षेत्रफल: 1 किलोवाट सोलर पैनल के लिए लगभग 90 से 120 वर्ग फुट छाया-मुक्त (Shadow-free) जगह चाहिए। 2. सूरज की रोशनी और दिशा: पैनल का मुंह हमेशा दक्षिण दिशा की ओर होना चाहिए ताकि दिनभर में 4 से 6 घंटे सीधी धूप मिल सके।

खर्च और सब्सिडी -
1. सब्सिडी योजना: सरकार रूफटॉप सोलर पर सब्सिडी देती है, जिसकी जानकारी आधिकारिक National Portal for Rooftop Solar पर मिल सकती है 2. लागत और बचत: शुरुआती खर्च और अगले 25 सालों तक मिलने वाले बिजली बिल के फायदे का अनुमान लगा लें।



## खबर संक्षेप



### धुमधाम से भगवान जगन्नाथ रथ यात्रा की हुई घर वापसी

**हरदीबाजार।** मां शीतला माता रथ यात्रा समिति के तत्वावधान में 16 जुलाई को हनुमान मंदिर से भगवान प्रभु श्री जगन्नाथ की रथ यात्रा निकाली गई थी। बारिश के बीच भी भक्तों का उत्साह कम नहीं हुआ और महिला पुरुष, बच्चे, युवा सभी ने रथ को रस्सी से खींच लगई। इस दौरान चिपांजी, मिक्की माउस ने यात्रा में उत्साह और आनंदमय बना दिया। शुक्रवार को शाम 4 बजे डीजे के धुन में नाचते झुमते हुए पुराना दीपका रोड अपने मौसी शशी बाबूराम राठौर के निवास से पूरे विधि-विधान से विदाई की गई और भगवान जगन्नाथ प्रभु, सुभद्रा व वलभद्र अपने घर वापसी किए। इस दौरान लाला राठौर, दिलीप राठौर, तारेश राठौर, मयंक राठौर, आशीष यादव, लाला यादव, छोटी राठौर, मनीष तिवारी, सोनू नामदेव, नरेंद्र राठौर, लक्की राठौर सभी ने अपना सहयोग दिया।

### बिजली मीटर और पंप सप्लाई बोर्ड को पेड़ में लगाया, बढ़ा खतरा



**चैतमा।** तिवरता रोड में स्थित एक मकान जिसकी दूरी बिजली खंभा से लगभग एक किलोमीटर है। बिजली विभाग ने पेड़ एवं बॉस के सहारे लाइन खींच दी है। वहीं उसी रोड में तालाब के ऊपर स्थित पेड़ में मीटर एवं स्टार्टर लगाया गया है जिससे नल कुप कनेक्शन दिया गया है इससे मोहल्ले वासियों को पानी सप्लाई होता है यदि बास सहारे एक किलोमीटर लंबी खींची गई तार और पेड़ में लगाया गया बिजली बॉक्स से करंट आ गया तो इसकी जिम्मेदार कौन लेगा। इस संबंध में कई बार शिकायत की गई है बावजूद इसके इस ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

### विद्यार्थी उत्कर्ष योजना अंतर्गत 14 जुलाई की काउंसलिंग निरस्त

कोरबा। आयुक्त, आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास रायपुर द्वारा मुख्यमंत्री अनुसूचित जाति एवं जनजाति विद्यार्थी उत्कर्ष योजना (यथा संशोधित-2021) अंतर्गत शैक्षणिक सत्र 2026-27 में कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु जिले में 14 जुलाई को संपन्न काउंसलिंग की कार्यवाही को निरस्त कर दिया गया है। सहायक आयुक्त, आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग ने बताया है कि काउंसलिंग की नई तिथि एवं आवश्यक दिशा-निर्देश पृथक से जारी किए जाएंगे। अभ्यर्थियों एवं उनके पालकों से अनुरोध किया गया है कि वे विभाग द्वारा जारी आगामी सूचना का इंतजार करें तथा नवीन तिथि के अनुसार काउंसलिंग प्रक्रिया में शामिल हों।

### युवक की फंदे में मिली थी लाश, परिजनों का आरोप

**कोरबा।** उरगा थाना क्षेत्र के कनबेरी निवासी शंकर सिंह उम्र 25 वर्ष का शव 19 जून को उसके घर से लगभग सौ मीटर दूर पेड़ पर फांसी के फंदे में लटकी हुई मिली थी। मामले में मृतक के परिजनों ने इस मामले को आत्महत्या नहीं बल्कि हत्या कहते हुए मामले की लिखित शिकायत पुलिस से की थी। मामले को लेकर उरगा थाना प्रभारी नवीन पटेल ने बताया कि युवक की लाश को बरामद किया गया था जिसमें फॉरेंसिक जांच भी करायी गई थी साथ ही पीएम रिपोर्ट में आत्महत्या होने की पुष्टि हुई है।

### स्ट्रीट लाईट बंद होने से आवाजाही में परेशानी

**चैतमा।** नेशनल हाईवे सड़क निर्माण के बाद नालों के ऊपर एवं ओवर ब्रिज के ऊपर स्ट्रीट लाइट लगवाया गया था जो कि बीते कुछ दिनों से स्ट्रीट लाईट बंद पड़ी है। जिसकी वजह से रात में आवागमन करने में काफी परेशानी हो रही है। ओवर ब्रिज के नीचे में मवेशी भी बैठे रहते हैं अंधेरा होने के कारण आवागमन करने वालों को परेशानी उठानी पड़ती है। वही दुर्घटना का भय भी बना रहता है। ग्रामीणों ने कंपनी एवं प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराते हुए स्ट्रीट लाइट को जल्द से जल्द दुरुस्त करने की मांग की गई है।

### मवेशियों का हो रहा जमावाड़ा, लोग परेशान



**चैतमा।** लावारिस मवेशियों से किसानों के साथ साथ व्यापारी भी परेशान है। जानकारी के अनुसार चैतम में बढ़ती हुई लावारिस मवेशियों की संख्या से किसान और व्यवसायी दोनों परेशान हैं। किसान द्वारा बोए गए धान को इनसे बचाने के लिए परेशान है, तो व्यापारी इनके द्वारा संस्थान बंद करने के बाद जाकर बैठने, गोबर करने से परेशान है। किसानों ने पूर्व में संचालित गौठान को गोधाम के रूप में संचालित करने एवं वहां रखने की मांग की गई है।

## कम्प्यूटर और एंड्राइड मोबाइल का जानकर होना जरुरी

# शिक्षा विभाग में संकुल समन्वयकों के पचास पदों पर होगी नियुक्ति

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में शिक्षा विभाग के संकुल समन्वयकों के पचास पदों पर जल्द ही नियुक्ति की जाएगी। विभाग ने इसके लिए नोडल स्कुल के प्रचार्यों से जानकारी मांगी है एवं प्रस्ताव भेजनें को कहा है। बीते लम्बे समय से रिक्त पड़े संकुल शैक्षणिक समन्यकों के पद पर विभाग नियुक्ति करने जा रहा है।

जिले के सभी पांच ब्लाक अंतर्गत लगभग पचास पद रिक्त पढ़े हैं जिनके संकुल समन्वयक या तो रिटायर्ड हो गए है या फिर ट्रांसफर, जिसके वजह से पद प्रभारियों के भरोसे आ गए थे जिन पर स्थाई नियुक्ति क़ी प्रक्रिया लंबित पड़ी थी। डीपीआई के निर्देशों के अनुसार अब कम्प्यूटर और मोबाईल के जानकर व्यक्ति को ही इस पद पर नियुक्त किया जा सकेगा। पूर्व में संकुल शैक्षणिक समन्वय के रिक्त पदों पर समीप के ही सकूल के शिक्षकों को नियुक्ति दी गई थी लेकिन उनके द्वारा ऑनलाइन कार्यों में रुचि नहीं लेने के कारण कार्य प्रभावित हो रहे थे। इसे देखते हुए समग्र शिक्षा विभाग के द्वारा सभी हाई स्कूल के नोडल प्राचार्यों के ऐसे दो शिक्षकों के प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिए है जो कम्प्यूटर और मोबाइल के जानकार होने के साथ संकुल समन्वय के जिम्मे आने वाले ऑनलाइन कार्यों को संपादित कर सके। विभाग के द्वारा मांगे गए प्रस्ताव में यह भी उल्लेखित है कि दो शिक्षक वाली स्कूल और एकल शिक्षकीय स्कूल के किसी भी शिक्षक का नाम संकुल समन्वयकों के लिए अनुमोदित नहीं किया जाएगा।




### कोरबा ब्लॉक में इन संकुल में होगी नियुक्ति

कोरबा ब्लॉक अंतर्गत भैसमा, सोनपुरी, पीडब्ल्यूडी रामपुर, अजगरबहार, बालको 1 व 2, बेला, सतरेंगा, बड़गांव, साडा कोरबा, कोहड़िया, चचिया, गोढ़ी, बुंदेली, पताढ़, बरीडीह, तिलाईड़ाड, धनगांव, रजगामार, कुदरीचिंगर आदि शामिल हैं। जहां संकुल शैक्षणिक समन्वयकों की नियक्ति की जाएगी। इस संबंध में 22 जुलाई को सभी विकासखंड शिक्षा अधिकारियों को जिला शिक्षा अधिकारी के द्वारा पत्र जारी कर दो दिनों में जानकारी भेजने के निर्देश दिए गए हैं।

### बीईओ से मांगे गए हैं प्रस्ताव

संकुल समन्वयकों के लगभग 50 पद रिक्त हैं जिनमें नियुक्ति के लिए विकासखंड शिक्षा अधिकारियों से उनके संकुल अंतर्गत रिक्त पदों पर नियुक्ति के लिए प्रस्ताव मांगे गए हैं नियुक्त होने वाले शिक्षकों को कम्प्यूटर और मोबाइल का जानकारी होना आवश्यक है।

**- टीपी उपाध्याय,** डीईओ

## तीन अलग अलग घरों में निकला सांप, रेस्क्यू कर छोड़ा गया जंगल में

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

शहर में बारिश के साथ ही जहरीले सांपों का निकलना बदस्तूर जारी है। बीती रात को शहर के अलग अलग क्षेत्रों के तीन घरों में सांप निकल गया था। मकान मालिकों के सूचना पर रेस्क्यू टीम ने तीनों सांपों का रेस्क्यू कर सुरक्षित जंगल में छोड़ा गया। सतरंगा रोड से लगे ग्राम जामबहार में रात्रि के 10.30 बजे एक ग्रामीण के घर लगभग 6 फीट लंबा अहिराज सांप ईंट में घुसकर बैठ गया था, जिसके बाद ग्रामीणों ने तत्काल वन विभाग की रेस्क्यू टीम एवं नोवा नेचर के जितेंद्र सारथी की रेस्क्यू टीम को सूचना दी। सूचना मिलते ही जितेंद्र सारथी अपने टीम के साथ मौके स्थल पर पहुंचकर रेस्क्यू कर थैले में भरकर सुरक्षित जंगल में छोड़ दिया। इसी तरह बरमपुर क्षेत्र में एक मकान की छत पर करीब 5 फीट लंबा जहरीला नाग दिखाई देने से इलाके में हड़कंप मच गया था। सांप को देखकर परिवार के लोगों ने स्नेक रेस्क्यू टीम को सूचना दी। सूचना मिलते ही सदस्य मानस और उमेश यादव मौके पर पहुंचे और रेस्क्यू कर जंगल में छोड़ दिया। इसी तरह एमी नगर में दिलबाग सिंह घर के पोर्च में फ्रिज के नीचे एक जहरीला सांप घुस गया था। जिसके बाद दिलबाग ने इसकी सूचना स्नेक रेस्क्यु टीम को सूचना दी। जिसके बाद टीम ने सांप का रेस्क्यु सुरक्षित जंगल में छोड़ दिया।



सांप का रेस्क्यू करते सर्पमित्र।

# उबड़ खाबड़ रास्तों से होकर मरीजों को पहुंचना पड़ता है अस्पताल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

शहर के पॉश इलाके कोसाबाड़ी चौक के समीप स्थित जिले के दो बड़े निजी अस्पताल तक पहुंचने वाली एप्रोच सड़क वर्षों से बदहाल स्थिति में है। करोड़ों रुपये के इन अस्पतालों तक जाने वाला यह मार्ग किसी ग्रामीण कच्ची सड़क से भी बदतर है। गड्ढों और उबड़-खाबड़ रास्ते के कारण मरीजों, परिजनों और आम नागरिकों को हर दिन भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

इसी मार्ग से फिजिक्सवाला, कॉलोनी सहित कई प्रतिष्ठित संस्थानों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों का आवागमन भी होता है लेकिन वर्षों बाद भी सड़क निर्माण की दिशा में कोई ठोस पहल नहीं हुई। सड़क पर केवल मलबा डालकर अस्थायी मरम्मत की जाती रही, जिससे हालात और खराब हो गए। सबसे अधिक परेशानी अस्पताल पहुंचने वाले मरीजों को उठानी पड़ रही है। गंभीर मरीजों को एंबुलेंस में ले जाते समय हर गड्ढे पर झटके लगते हैं। डिलीवरी के लिए आने वाली गर्भवती महिलाओं के परिजनों में यह डर बना रहता है कि कहीं रास्ते में ही प्रसव की नौबत न आ जाए। वहीं बुजुर्ग, अस्थि रोगी और दुर्घटना में घायल मरीजों के लिए यह रास्ता किसी परीक्षा से कम नहीं है। हैरानी की बात यह है कि नगर निगम सीमा क्षेत्र में आने वाले इस महत्वपूर्ण मार्ग की बदहाली से प्रशासन, नगर निगम, जनप्रतिनिधि और संबंधित विभाग पूरी तरह वाकिफ हैं। राज्य में सरकारें बदलीं, जिले में अधिकारी बदले लेकिन सड़क की तस्वीर नहीं बदली। वर्षों से लोग यही सवाल पूछ रहे हैं कि करोड़ों के अस्पतालों तक जाने वाली इस सड़क का निर्माण आखिर कौन करेगा।

**खास बात**

- बारिश के दौरान सड़क हो जाती है तालाब में तब्दील



तालाब में तब्दील सड़क।

# नगर पालिका परिषद कटघोरा का सिंगल यूज़ प्लास्टिक प्रतिबंध अभियान तेज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

राज्य शासन के निर्देशानुसार नगर पालिका परिषद कटघोरा द्वारा सिंगल यूज़ प्लास्टिक प्रतिबंध को प्रभावी बनाने के लिए विशेष अभियान चलाया गया। इस दौरान नगर पालिका के सिंगल यूज़ प्लास्टिक नोडल अधिकारी एवं स्वच्छता टीम ने शहर के विभिन्न बाजारों में पहुंचकर व्यापारियों और आम नागरिकों को प्रतिबंधित प्लास्टिक सामग्री का उपयोग नहीं करने के लिए जागरूक किया।

अभियान के दौरान व्यापारियों को पॉलीथिन कैरी बैग का उपयोग बंद कर कपड़े एवं अन्य पर्यावरण-अनुकूल थैलों का प्रयोग करने की समझाइश दी गई। टीम ने लोगों को बताया कि सिंगल यूज़ प्लास्टिक पर्यावरण और मानव स्वास्थ्य दोनों के लिए हानिकारक है। नागरिकों से अपील की गई कि वे प्लास्टिक के उपयोग से बचकर प्रकृति के संरक्षण में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें तथा शहर को प्लास्टिक कचरे से मुक्त बनाने में सहयोग दें। निरीक्षण के दौरान प्रतिबंधित प्लास्टिक के उपयोग करने वालों को समझाइश देने के साथ-साथ सामान्य चालान की कार्रवाई भी की गई। साथ ही सिंगल यूज़ प्लास्टिक प्रतिबंध से संबंधित नियमों एवं प्रावधानों की विस्तृत जानकारी दी गई। नगर पालिका परिषद ने स्पष्ट किया है कि फिलहाल लोगों को जागरूक करने पर विशेष जोर दिया जा रहा है, लेकिन भविष्य में यदि कोई व्यापारी या व्यक्ति बार-बार प्रतिबंधित सिंगल यूज़ प्लास्टिक का उपयोग करते हुए पाया जाता है, तो उसके विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई करते हुए भारी जुर्माना लगाया जाएगा। नगर पालिका ने सभी नागरिकों एवं व्यापारियों से पर्यावरण संरक्षण की दिशा में सहयोग करने, प्रतिबंधित प्लास्टिक का उपयोग पूरी तरह बंद करने तथा स्वच्छ, सुंदर और प्लास्टिक मुक्त कटघोरा के निर्माण में सहभागी बनने की अपील की है।

**खास बातें**

- व्यापारियों को दी समझाइश
- कपड़े के थैले अपनाने की अपील दोहराने पर होगी सख्त



जांच करती टीम।

# जिले में मनाया गया भारतीय मजदूर संघ का स्थापना दिवस



कार्यक्रम के दौरान उपस्थित बीएमएस के पदाधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बीएमएस के द्वारा इरेक्टर हॉस्टल एचटीपीएस आवासीय परिसर कोरबा पश्चिम में भारतीय मजदूर संघ का स्थापना दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष अजय मिश्रा के द्वारा किया गया, मुख्य अथिति के रूप में भारतीय मजदूर संघ के अखिल भारतीय मंत्री व विद्युत प्रभारी राधेश्याम जायसवाल तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में अखिल भारतीय पर्यावरण मंच प्रभारी लक्ष्मण चंद्रा एवं प्रदेश कार्यसमिति सदस्य श्रीमती पूर्णिमा साहू मंचस्थ रहे, वहीं कोरबा जिला के सभी संगठन कोल बिलासपुर, बालकों, एनटीपीसी, बिजली उत्पादन कोरबा पश्चिम, कोरबा पूर्व, आंगनबाड़ी, बिजली वितरण इकाई, ठेका/संविदा मजदूर संघ, कोरबा पावर लि. (अडानी), सेवानिवृत्त विद्युत कर्मचारी संघ कोरबा आदि संगठनों के पदाधिकारी, सदस्य एवं कार्यकर्ता शामिल हुए।

सर्वप्रथम भारतीय मजदूर संघ कोरबा के जिलाध्यक्ष अजय मिश्रा के द्वारा बीएमएस का ध्वज फहराकर तथा मंचासीन सभी अतिथियों द्वारा भारत माता, भगवान विश्वकर्मा, श्रद्धेय दत्तोपंत ठेंगड़ी की प्रतिमा पर पूजा अर्चना एवं पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया गया, तदुपरान्त संघ के परंपरा अनुसार सभी अतिथियों का स्वागत अभिनंदन किया गया, इसी कड़ी में सभी संगठनों के पदाधिकारी व जिले के वरिष्ठ सदस्यों का स्वागत, अभिनन्दन किया गया। कार्यक्रम के दौरान सभी अतिथियों ने सभी को संबोधित करते हुए भारतीय मजदूर संघ के इतिहास, संघर्ष, सफलता और गौरव गाथा पर प्रकाश डालते हुए संगठन की मूल भावना राष्ट्रहित सर्वोपरि, त्याग, तपस्या और बलिदान से सभी को अवगत कराया। इस अवसर पर मातृ संघ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सुरेश गुप्ता, पूर्व प्रदेश पदाधिकारी सतीश राठौर, सेवानिवृत्त विद्युत कर्मचारी महासंघ के राष्ट्रीय मंत्री सी एस दुबे, एनटीपीसी मजदूर महासंघ के अध्यक्ष सुरेंद्र राठौर, एसईसीएल के महामंत्री रमेश गुरुद्वान, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य एवं जिला प्रभारी श्रीमती पूर्णिमा साहू, अखिल भारतीय पर्यावरण मंच प्रभारी लक्ष्मण चंद्रा तथा अखिल भारतीय मंत्री व विद्युत प्रभारी राधेश्याम जायसवाल ने अपना विचार व्यक्त करते संबोधित किया।

### युवक की फंदे में मिली लाश, जांच में जुटी पुलिस

**कोरबा।** सीएसईबी चौकी क्षेत्र अंतर्गत मूलतः बरपाली निवासी रोहन उर्फ अमन श्रीवास का शव टीपी नगर के पास किराए के मकान में रहता था जिसका शव कमरे में फांसी के फंदे में लटका मिला। सूचना मिलते ही सीएसईबी चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और मामले में वैधानिक कार्यवाही कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। युवक ने किन कारणों के चलते यह आत्मघाती कदम उठाया है स्पष्ट नहीं हो पाया है। बताया जाता है कि रोहन श्रीवास ट्रेंज स्टूडियो सेलून में कार्यरत था।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

## एक पेड़ मां के नाम के तहत चलाया गया अभियान

# कोहड़िया वार्ड मुख्य मार्ग में किया गया पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक पेड़ मां के नाम अभियान अंतर्गत निगम के कोहड़िया वार्ड अंतर्गत मुख्य मार्ग पर सघन वृक्षारोपण किया गया। आयुक्त आशुतोष पाण्डेय, वार्ड पार्षद नरेन्द्र देवांगन के साथ ही पार्षदों, जनप्रतिनिधियों, अधिकारी कर्मचारियों व आमनागरिकों ने मुख्य मार्ग पर पौधों का रोपण किया तथा पर्यावरण संरक्षण व हरित कोरबा के संकल्प को पूरा करने के लिये अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

उल्लेखनीय है कि कलेक्टर कुणाल दुदावत के मार्गदर्शन एवं आयुक्त आशुतोष पाण्डेय के दिशा निर्देशन में जिला प्रशासन व निगम के द्वारा पर्यावरण संक्षरण एवं हरित कोरबा के संकल्प को साकार के करने के उद्देश्य से एक पेड़ मां के नाम अभियान अंतर्गत सघन वृक्षारोपण का कार्य किया जा रहा है। इसकी शुरूआत 18 जुलाई को घंटाघर ओपन थियेटर मैदान में रन फार ग्रीन का वृहद आयोजन कर की गई थी। अभियान के अंतर्गत सघन वृक्षारोपण का कार्य 18 जुलाई से लगातार आगामी 60 दिनों तक किया जायेगा। अभियान के सातवें दिन निगम के वार्ड क्र. 18 अंतर्गत बरपारा कोहड़िया से नमो पार्क तक के मुख्य मार्ग में सघन वृक्षारोपण किया गया, इस मौके पर आयुक्त आशुतोष पाण्डेय, वार्ड पार्षद नरेन्द्र देवांगन, पार्षद रामकुमार साहू व लक्ष्मण श्रीवास, अपर आयुक्त विनय मिश्रा, उपायुक्त नीरज कौशिक, अधीक्षण अभियंता भूषण उरांव, जोन कमिश्नर सुनील टांडे, उद्यान अधीक्षक आनंद सिंह राठौर, सोमनाथ डेहरे, देवेन्द्र स्वर्णकार, दिलेश्वर सिंह, कृष्णा द्विवेदी, रवि पोर्ते, अजय मानिकपुरी, अशोक द्विवेदी, रथराम राठौर, आदि के साथ अन्य लोगों ने पौधों का रोपण किया, अभियान में अपनी सहभागिता दी तथा पर्यावरण के सतत संरक्षण एवं कोरबा को हरीतिमायुक्त कोरबा बनाने के संकल्प को दोहराया।



